# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)


फा.सं.05/हिंदी प्रकोष्ठ/2024/1518-78 दिनांक : 04.09.2024

## परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार **हिंदी दिवस (14 सितंबर)** के अवसर पर हर वर्ष की भांति बोर्ड मुख्यालय में दिनांक **14.09.2024** से **30.09.2024** तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिकतम सरकारी कामकाज हिंदी में ही करेंगे। हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम/ प्रतियोगिताएं मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष (द्वितीय तल) में आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन कक्ष की उपलब्धता के आधार पर तारीख, समय व स्थान में परिवर्तन होने की स्थिति में प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। कार्यक्रम/प्रतियोगिताओं से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता /कार्यक्रम का नाम | आयोजन की तिथि | आयोजन का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन/ कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाना एवं अपील/ संदेश जारी करना तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक | 17.09.2024 | 11:00 बजे (पूर्वाह्न) |
| 2. | (क) हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन<br>(ख) शब्द अंताक्षरी | 18.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>04:00 से 05:00 बजे |
| 3. | हिंदी सुलेख/श्रुतलेख<br>(केवल एमटीएस के लिए) | 19.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 4. | हिंदी निबंध लेखन | 20.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 5. | हिंदी कविता पाठ (स्व-रचित) | 23.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 6. | राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोतरी | 24.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 7. | हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता<br>(न्यूनतम 15 स्लोगन) | 25.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 8. | हिंदी टंकण (कंप्यूटर पर) | 26.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 9. | हिंदी कार्यशाला | 27.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |
| 10. | हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह | 30.09.2024 | 03:00 से 04:00 बजे<br>(अपराह्न) |

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपना नाम निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में भरकर हिंदी प्रकोष्ठ को **दिनांक 13.09.2024 (सायं 5:00 बजे) तक** अवश्य जमा करा दें। **हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित होने वाली हिंदी प्रतियोगिताओं के लिए पात्रता/नियम एवं शर्तें/अन्य जानकारी अनुबंध - 1 तथा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु आवेदन करने के लिए नामांकन प्रपत्र अनुबंध 2 में संलग्न है।**

अगले पृष्ठ पर जारी...

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)



सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/उत्कृष्टता केंद्रों से भी अनुरोध किया जाता है कि हिंदी दिवस के अवसर पर उपर्युक्त कार्यक्रम अनुसार अपने कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा - 2024 का आयोजन करें। हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः **रू. 5,000/- (01), रू. 3,000/- (01) तथा रू. 2,000/- (01)** का नकद पुरस्कार तथा **रू.1,000/- (02)** का प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**(विजय सिंह)**
**संयुक्त सचिव (प्रशा. एवं विधि)**

**संलग्न: यथोपरि**

**वितरण :-**

1. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव - अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ
2. सचिव के प्रधान निजी सचिव - सचिव महोदय के सूचनार्थ
3. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्षों/निदेशकों/मुख्य सतर्कता अधिकारी के वरिष्ठ निजी सचिव।
4. आईएएफए, केमाशिबो
5. बोर्ड के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी/उत्कृष्टता केंद्र प्रमुख - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु
6. बोर्ड मुख्यालय के अनुभाग अधिकारी स्तर के सभी अधिकारीगण - इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों के ध्यान में लाने का कष्ट करें।
7. वेब प्रशासन को सीबीएसई की वेबसाईट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित
8. सूचना पट्ट/गार्ड फाइल।

अनुबंध -1

क. **पात्रता/नियम एवं शर्तें :-**

1. राजभाषा से जुड़े सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभी नियमित अधिकारी व कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।
2. हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा हिंदी स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए विषय प्रतियोगिता से एक दिन पहले प्रदान किए जाएंगे।
3. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार तथा सांत्वना पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।
4. किसी प्रतियोगिता में पाँच से कम प्रतियोगी होने पर प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।
5. एक प्रतियोगी को केवल एक ही पुरस्कार दिया जाएगा। यदि कोई प्रतियोगी एक से अधिक पुरस्कार प्राप्त करता है तो उसे प्रतियोगिता का केवल उच्चतम पुरस्कार दिया जाएगा।
6. हिंदी टाइपिस्ट पद पर नियुक्त हुए कर्मचारी हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
7. प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाईल फोन आदि का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा।
9. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन पुरस्कारों की राशि का भुगतान डिजिटल रूप से सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा।
10. निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

****

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)


<u>अनुबंध-2</u>

## नामांकन भेजने हेतु प्रपत्र

## हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित होने वाली हिंदी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु आवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पदनाम | |
| 3. | कर्मचारी कोड | |
| 4. | अनुभाग का नाम | |
| 5. | मातृभाषा | |
| 6. | मोबाइल नं. | |
| 7. | हिंदी ज्ञान का स्तर : इनमें से जो लागू हों उस पर बायीं ओर सही (✔) का निशान लगाएं<br>• हिंदी में एम. ए. या समकक्ष या उच्चतर शिक्षा या<br>• हिंदी में बी. ए. या समकक्ष या<br>• बी. ए. में हिंदी एक विषय के रूप में या<br>• प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण या<br>• कोई अन्य मान्यता प्राप्त हिंदी परीक्षा उत्तीर्ण | |
| 8. | जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं उनका नाम नीचे लिखें : | |

**(अधिकारी / कर्मचारी के हस्ताक्षर)**

<u>हिंदी प्रकोष्ठ (मुख्यालय)</u>